स्मरण पत्र – I

# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा

''ए'' ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर–302005

क्रमांक : अबनि/निकोले/ ASLAAS-5 कार्ड्स/2019/ 1055-95 दिनांक : 24/2/2020.

**समस्त जिला कोषाधिकारी,**
**(अल्प बचत)।**

**विषय** :– गत 3 वर्षों में जिलेवार नियुक्त किए गए SAS व MPKBY अभिकर्ताओं की सूची बाबत्।
**संदर्भ** :– राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक 940 दिनांक 26.11.2019, पत्रांक 71/27.01.2020 व निदेशालय के पत्रांक 9985–1026/06.02.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य के सभी जिला (अल्प बचत) कोषालयों में संचालित अल्प बचत योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु निदेशालय कोष एवं लेखा द्वारा राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली को महिला प्रधान कार्ड्स, SAS फार्मस् अभिकर्ता नियुक्ति पत्र आदि सामग्री उपलब्ध कराने हेतु सतत् आग्रह किया रहा है। राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली ने मांग के सटीक आकलन के लिए सभी जिलों कोष कार्यालयों (अल्प बचत), राजस्थान से तत्संबंधी सूचना चाही है।

अतः गत 3 वर्षों में नियुक्त SAS तथा MPKBY अभिकर्ताओंकी जिलेवार सूची तथा जिलेवार कुल अभिकर्ताओं की सूची 07 दिवस में निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर को प्रेषित करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया था जो आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है।

आपसे पुनः अनुरोध है कि उपरोक्त सूची इस कार्यालय में यथाशीघ्र प्रेषित करें ताकि आपूर्ति हेतु राष्ट्रीय बचत संस्थान को लिखा जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार**

Sd
(लेखराम मीना)
उप निदेशक (अल्प बचत)

क्रमांक : अबनि/निकोले/ ASLAAS-5 कार्ड्स/2019/ 1054 दिनांक : 24/2/2020.

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

उप निदेशक (अल्प बचत)